# तेरी याद कन्हैया बड़ा रुलाती है भजन लिरिक्स

क्या बतलाऊँ कितना मुझे सताती है,
तेरी याद कन्हैया बड़ा रुलाती है,
हर लम्हा आकर मुझको तड़पाती है,
तेरी याद कन्हैया बड़ा रुलाती हैं।bd।

देखे – कन्हैया हर घडी मुझको।

---

तेरी यादों में ही खोया रहता हूँ,
बिन तेरे मोहन मैं रोता रहता हूँ,
बैठ के तन्हाई में मोहन केवल,
तेरे बारे में ही सोचता रहता हूँ,
सोचते सोचते आँख मेरी भर आती है,
तेरी याद कन्हैया बड़ा रुलाती हैं।bd।

---

गोकुल वृन्दावन में भी मैं घूम लिया,
मथुरा की गलियों में तुझको ढूंढ लिया,
तेरी कोई खबर कहीं ना मिल पाई,
हर आने जाने वाले से पूछ लिया,
तेरी तलाश मुझे दर दर भटकाती है,
तेरी याद कन्हैया बड़ा रुलाती हैं।bd।

---

ढूंढते ढूंढते तुझको नैन मेरे हारे,
एक दफा खुद आकर मिल जाओ प्यारे,
‘शर्मा’ तेरी प्रीत में मोहन पागल है,
नैनो से अश्कों के बहते है धारे,
मेरे तन से जान निकल कर जाती है,
तेरी याद कन्हैया बड़ा रुलाती हैं।bd।

---

क्या बतलाऊँ कितना मुझे सताती है,
तेरी याद कन्हैया बड़ा रुलाती है,
हर लम्हा आकर मुझको तड़पाती है,
तेरी याद कन्हैया बड़ा रुलाती हैं।bd।

**Singer – Sanjay Deep**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com